# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 27 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 209

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पूर्व विधायक देवती कर्मा के बंगले में चली गोली, प्रधान आरक्षक की मौत, एपीसी घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार तडक़े सिविल लाइन स्थित पूर्व विधायक देवती कर्मा के बंगले में अचानक गोली चलने से प्रधान आरक्षक अजय सिंह की मौत हो गई है तो वहीं घटना में असिस्टेंट प्लाटून कमांडर (एपीसी) राम कुमार दोहरे घायल हो गए उनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आशीष वर्मा पूर्व विधायक के पुत्र है। वह भी गोली चलने के समय सिविल लाइन बंगले में मौजूद थे। जहां पीड़ित जवान वीआईपी सुरक्षा में तैनात थे। इसी दौरान सुबह सात बजे के करीब बैरेक में हथियारों की नियमित सफाई करने के दौरान अचानक राइफल से गोली चल गई। गोली प्रधान आरक्षक के सीने में जा लगी और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। घायल राम कुमार दोहरे का उपचार किया जा रहा है। प्रधान आरक्षक अजय सिंह बिजुरी निवासी हैं और घायल राम कुमार दोहरे भिंड मध्यप्रदेश के है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया दुर्घटनावश गोली चलने का मामला बनता है। मामले की जांच हर कोण से की जा रही है।

### पटना : आपसी विवाद में दंपती ने की आत्महत्या

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के पटना जिले में बेऊर थाना क्षेत्र के दशरथा गांव के इंद्रपुरी मुहल्ले में आपसी विवाद में दंपति ने गले में फंदा लगाकर आज आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि इंद्रपुरी मुहल्ले में पप्पू राय अपनी पत्नी पूजा कुमारी एवं आठ वर्ष की पुत्री सहानवी के साथ किराए के मकान में रहता था। पप्पू राय की पत्नी पूजा कुमारी से देर रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी को लेकर दंपति पप्पू राय एवं पूजा कुमारी ने कमरे में गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने बताया कि मकान से पप्पू राय द्वारा लिखित सुसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसमें आत्महत्या का कारण पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद बताया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### जालंधर में पठानकोट चौक के पास टैंकर ने 10 से 12 गाडिय़ों को मारी टक्कर, कई लोग जख्मी

**जालंधर (आरएनएस)।** पठानकोट चौक के पास तेज रफ्तार एक बेकाबू ट्रक ने 10 से 12 गाडिय़ों को टक्कर मार दी। इस हादसे में कई लोगों के जख्मी होने की खबर है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे में 8 कारों और 2 ऑटो सहित अन्य वाहन शामिल है। जानकारी के अनुसार पीएपी की तरफ से एक दूध का टैंकर आ रहा था। अचानक ड्राइवर ने टैंकर से अपना कंट्रोल खो दिया और टैंकर बेकाबू होकर सामने से आ रही गाडिय़ों में टकरा गया। इस भीषण सडक़ हादसे में 10 से 15 लोग जख्मी हो गए हैं। जिसमें से 3 की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं एक ऑटो ड्राइवर की टांग टूटने की भी जानकारी सामने आई है। हादसे के बाद पठानकोट चौक पर लम्बा जाम लगा हुआ है। हादसे का शिकार हुआ गाडिय़ों को हटाने की कोशिश की जा रही है।

# भारत और जापान ने की मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेलवे परियोजना की प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली । आरएनएस**



भारत और जापान ने गुरुवार को ऑनलाइन प्रारूप में आयोजित 17वीं संयुक्त समिति की बैठक के दौरान मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेलवे (एमएएचएसआर) परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जापानी प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार मासाफुमी मोरी के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की।

भारत की ओर से, बैठक में रेलवे और विदेश मंत्रालय के साथ-साथ नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में जापान की ओर से विदेश, वित्त, अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग, भूमि, बुनियादी ढांचे, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय के साथ-साथ जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) सहित संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया।

जापानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, इस बैठक में, हमने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना की प्रगति की पुष्टि की और परियोजना की निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी चर्चा की।

इसमें कहा गया है, जापानी सरकार मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेलवे पर शिंकानसेन प्रणाली की शुरुआत के लिए भारत सरकार के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी।

इस सप्ताह की शुरुआत में, आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, वैष्णव ने कहा था कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए विभिन्न स्टेशनों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

उन्होंने खुलासा किया, 290 किमी से अधिक का काम पहले ही हो चुका है। आठ नदियों पर पुल बनाए गए हैं... 2026 में पहला खंड खोलने के लक्ष्य के साथ काम बहुत तेज गति से चल रहा है।

## मणिपुर में कद्दू में छिपाकर रखा गया 3.5 करोड़ रुपए का ड्रग्स जब्त



**इम्फाल । आरएनएस**

असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने कद्दू के अंदर छिपाकर रखी गई 3.5 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की, जिसके पड़ोसी देश म्यांमार से तस्करी कर लाए जाने का संदेह है।

पुलिस ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सुरक्षा बलों ने जिरीबाम में फिऱज़ावल जिले के टिपाईमुख से दक्षिणी असम के कछार की ओर जा रहे एक पिकअप ट्रक को रोका और दो ड्रग तस्करों - अब्दुल मन्नान मजूमदार और खलील उल्ला बारभुइया को गिरफ्तार किया।

निरीक्षण करने पर, सुरक्षाकर्मियों को 30 साबुन के डिब्बों में 363.45 ग्राम हेरोइन मिली, जो अन्य सब्जियों के साथ पिकअप ट्रक में लदे कद्दू में छिपाई गई थी।

आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हिरासत में लिए गए लोगों और जब्त किए गए नशीले पदार्थों को जिरीबाम थाने के हवाले कर दिया गया है।

## ईडी की कार्यवाई के खिलाफ हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 29 को सुनवाई

**रांची । आरएनएस**

ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने जस्टिस संजीव खन्ना से एसएलपी पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया था। कोर्ट ने इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया है।

दरअसल, हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी, जिस पर 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब तक इसपर कोई फैसला नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी में हेमंत सोरेन ने गुहार लगाई है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं।

सोरेन के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से किए गए आग्रह में कहा है कि हाईकोर्ट का फैसला न आने से सोरेन के समक्ष दुविधा की स्थिति है, क्योंकि वह कानूनी उपायों के लिए न तो आगे बढ़ सकते हैं और न ही पीछे जा सकते हैं। गौरतलब है कि सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। ईडी की कार्रवाई को चुनौती देते हुए सोरेन ने 31 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में भी एसएलपी दाखिल की थी, लेकिन जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने हेमंत सोरेन को पहले झारखंड हाईकोर्ट जाने को कहा था।

## सोपोर मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, एक नागरिक और दो सैनिक भी घायल

**श्रीनगर । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच चल रही गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि एक नागरिक और दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, सेना और सीआरपीएफ सहित सुरक्षाबलों ने गुरुवार को सोपोर शहर के नौपोरा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।अधिकारियों ने कहा कि जैसे ही सुरक्षा बल छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंचे, उन्होंने आसपास के सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकवादियों की गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए। एक नागरिक को भी कंधे पर गोली लगी है। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है।

इस चल रही गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए हैं। उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अधिकारियों ने बताया, इलाके में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है।

### संदेशखाली में सीबीआई की रेड, शाहजहां के रिश्तेदार के घर से मिले हथियार और विस्फोटक

**कोलकाता (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने संदेशखाली में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के एक रिश्तेदार के आवास पर छापेमारी में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई को शाहजहां के रिश्तेदार हफीजुल खान के आवास पर हथियारों और देसी बमों के जखीरे के बारे में सूचना मिली। हफीजुल सत्तारूढ़ दल से निर्वाचित पंचायत सदस्य भी हैं। सूचना मिलने के तुरंत बाद केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों के साथ सीबीआई की एक टीम ने मछली पालन फार्म के भीतर स्थित आवास पर छापामार कार्रवाई शुरू की। खबर लिखे जाने तक सीबीआई की टीम घर पर सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई थी। ऐसा माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन माहौल बिगाडऩे के लिए वहां हथियार, विस्फोटक और देसी बम रखे गए थे। सूत्रों ने कहा, शाहजहां की गिरफ्तारी और संदेशखाली में विभिन्न केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों और सीएपीएफ कर्मियों की बढ़ती आवाजाही के बाद, हथियारों को जमा करने के लिए जिम्मेदार लोग उन्हें हटा नहीं सके। संदेशखाली बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां एक जून को सातवें और आखिरी चरण में मतदान होना है। इस मामले में किसी भी तृणमूल कांग्रेस नेता की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई है।

## हादसों में चार की जान गई, तीन गंभीर रूप से घायल

- जिले में गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक सड़कों पर नाची मौत
- वाल्टरगंज, सोनहा व नगर थानाक्षेत्र में हुआ सड़क हादसा

**बस्ती । आरएनएस**

बीती रात से सुबह तक अलग-अलग तीन सडक़ हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसों में तीन गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सोनहा थाना क्षेत्र के असनहरा पुलिस के चौकी के पास सडक़ हादसे में बाइक सवार तीन में से दो युवकों की मौत हो गई। शुक्रवार को दो अन्य सडक़ दुर्घटना वाल्टरगंज व नगर थाना क्षेत्र में हुई है। जहां बाइक सवार व ट्रैक्टर चालक ने दम तोड़ दिया।

सोनहा थाने के असनहरा पुलिस चौकी के निकट ट्रक को ओवर टेक करते समय बाइक सवार तीन युवक हादसे का शिकार हो गए। मौके पर ही एक की मौत हो गई। घायल दूसरे युवक की हास्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सीओ रुधौली सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी ने पूछे जाने पर बताया कि लालगंज थानाक्षेत्र के भिटहा गांव नरोत्तम अपने भाई रवि व बूआ के लडक़े विकास तीनों एक बाइक पर सवार होकर डुमरियागंज क्षेत्र में बारात जा रहे थे। असनहरा गांव निकट ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश करते समय ट्रक की चपेट मे आगए। हादसे मे विकास उपाध्याय की मौके पर ही मौत हो गई। नरोत्तम उपाध्याय की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि रवि उपाध्याय घायल बताए गए हैं।

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बस्ती-बांसी मार्ग के मकदा पुर्सिया गांव के पास गुरुवार देर रात्रि बाइक व साइकिल सवार में टक्कर हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।। घायलों को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के सोनहटी बुजुर्ग निवासी राहुल राजभर (22) की मौत हो गई। राहुल परसा जाफर गॉव निवासी अभिषेक (20) के साथ बाइक से बारात गए थे। वापस घर लौटते समय मकदा पुर्सिया गांव के पास वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पचदेऊरी गॉव निवासी रामलौट चौधरी (55) की साइकिल से भिंड़न्त हो गई। तीनों घायलों जिला अस्पताल भिजवाया गया। राहुल को तत्काल लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते वक्त रास्ते में राहुल की मौत हो गई। अभिषेक को मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। साइकिल चालक रामलौट का इलाज़ जिला अस्पताल में चल रहा हैं।

नगर बाजार थाना क्षेत्र के बक्सर गांव के पास अनियंत्रित बाइक गड्ढे में चली गई घायल बाइक सवार पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कटेश्वर गांव निवासी गोविन्द (25) की मौत हो गई। बाइक सवार गोविंद ट्रैक्टर चालक था था। वह ट्रैक्टर के लिए बाइक से डीजल लेने बक्सर पेट्रोल पंप पर जा रहा था। कोतवाल नगर जयबर्धन सिंह ने बताया कि मृतक को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**काबुल ।** अफगानिस्तान के काबुल-जलालाबाद राजमार्ग पर सुरुबी जिले में एक सडक़ दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि यह दुर्घटना काबुल की राजधानी को पूर्वी प्रांतों से जोडऩे वाले राजमार्ग पर हुई, जब एक यात्री वाहन सडक़ से उतर गया और पहाड़ से टकरा गया। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायलों का अब स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। अफग़ानिस्तान में सडक़ की खराब स्थिति, लापरवाही से गाड़ी चलाना, कठिन इलाके, ओवरलोडिंग, ओवरटेकिंग और तेज गति के कारण सडक़ दुर्घटनाएं आम बात है।

### महादेव सट्टेबाजी घोटाला : एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र पुलिस ने किया तलब

**मुंबई । आरएनएस**



बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने करोड़ों रुपये के महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की चल रही जांच में पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि तमन्ना भाटिया ने कथित तौर पर महादेव के ग्रुप ऐप में से एक, फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल देखने के लिए प्रचार किया था।

एक्ट्रेस को अपना बयान दर्ज करने के लिए सोमवार, 29 अप्रैल को साइबर पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

कई अंतरराज्यीय और केंद्रीय एजेंसियां भी महादेव ऐप घोटाले की जांच कर रही हैं, जो अनुमानित 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बताया जा रहा है। 2021 में घोटाला सामने आने के बाद मनोरंजन जगत की कई हस्तियों, बिजनेसमैन और राजनीतिक संरक्षण वाले अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई। इस मामले में पूरे भारत में छह दर्जन से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं और जैसे ही मनी-लॉन्ड्रिंग का पहलू सामने आया, प्रवर्तन निदेशालय भी जांच में कूद गया।

## रूस में एनएसए डोभाल ने आतंकवाद, टेरर फंडिंग के खिलाफ सहयोग की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई

**सेंट पीटर्सबर्ग**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने जोर देकर कहा कि भारत आतंकवादियों तथा अपराधियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए सहयोग जारी रखेगा।

सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च पदस्थ अधिकारियों की 12वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक के पूर्ण सत्र में बोलते हुए एनएसए डोभाल ने समावेशी आर्थिक विकास के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की भारत की नीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुले, स्थिर, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया।

बहुकेंद्रीय दुनिया में सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करना विषय पर पूर्ण सत्र में बोलते हुए एनएसए डोभाल ने ऐसे सहयोग के लिए एक रोडमैप रखा जिसमें सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा, तकनीकी समुदायों और नागरिक समाज तक सभी हितधारक शामिल हों।

उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों की आम समझ विकसित करने में मदद के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के लिए तंत्र के निर्माण; प्रशिक्षण, शिक्षा, जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए समान विचारधारा वाले देशों के क्षमता निर्माण; और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षा मानकों के विकास के लिए नियमित संस्थागत संवाद आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। साथ ही उन्होंने सहयोग के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तंत्र निर्माण की भी वकालत की।

एनएसए ने इस बात पर जोर दिया कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने के साथ-साथ आतंकी फंडिंग का मुकाबला करने के लिए भी सहयोग जारी रखेगा।

कार्यक्रम से इतर एनएसए ने म्यांमार की मौजूदा स्थिति और पड़ोसी देश में भारत द्वारा वित्त पोषित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर अपने म्यांमार के समकक्ष एडमिरल मो आंग के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। रूस में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया कि उन्होंने भारत-म्यांमार सीमा पर हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा की, जिसमें सुरक्षा, शरणार्थी, विकास परियोजनाओं आदि से संबंधित मुद्दे शामिल थे।

तीन दिवसीय बैठक में 106 देशों के सुरक्षा परिषदों के सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सहायक, उप प्रधानमंत्री, सुरक्षा बलों और खुफिया सेवाओं के प्रमुखों के अलावा10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

एनएसए डोभाल ने रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव से भी बातचीत की। पूर्ण सत्र की शुरुआत करते हुए पेत्रुशेव ने कहा, रूस एक निष्पक्ष विश्व व्यवस्था के निर्माण की रक्षा करना जारी रखेगा जो समानता के सिद्धांतों और सांस्कृतिक और सभ्यतागत पहचान के सम्मान के आधार पर अधिकांश देशों के हितों को पूरा करती है।

इससे पहले दिन में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रतिभागियों को वर्चुअली संबोधित किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद 21वीं सदी के सबसे गंभीर खतरों में से एक बना हुआ है, क्योंकि आतंकवादी तेजी से जटिल और बर्बर होते जा रहे हैं।

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले आतंकवादी हमलों के पीछे के उद्देश्य न केवल कट्टरपंथी समूहों द्वारा संचालित होते हैं, बल्कि इसमें कुछ देशों की खुफिया सेवाएं भी शामिल होती हैं। उनका उद्देश्य संवैधानिक नींव को कमजोर करना और संप्रभु देशों को अस्थिर करना, अंतरजातीय और अंतरधार्मिक कलह को बढ़ावा देना है।

## चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह, 11 दिन में 15 लाख से ज्यादा लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**देहरादून । आरएनएस**



उत्तराखंड की चारधाम यात्रा इस साल 10 मई 2024 से शुरू हो रही है। जिसके लिए पर्यटन विभाग ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है।

इस साल चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्री काफी ज्यादा संख्या में रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होने के बाद 25 अप्रैल तक कुल 15 लाख 12 हजार 993 श्रद्धालु अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जबकि बीते वर्ष चारधाम यात्रा में 54.82 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। इस बार चारधाम यात्रा में रिकॉर्ड श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

पर्यटन विभाग ने चारधाम यात्रा में देश दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू किया था। पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बीते 11 दिनों में 15 लाख 12 हजार 993 यात्रियों ने बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री व हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

इसमें केदारनाथ के लिए सबसे ज्यादा 5,21,052, बदरीनाथ धाम के लिए 4,36,688, गंगोत्री धाम के लिए 2,77,901, यमुनोत्री धाम के लिए 2,53,883 जबकि हेमकुंड साहिब के लिए 23,469 यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। सरकार को उम्मीद है कि इस बार भी चारधाम यात्रा में दर्शन करने वाले श्रद्धालु नया रिकॉर्ड बनाएंगे।